तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

11 बाघ-तेंदुए की खाल के साथ बड़े शिकार गिरोह....



11 ग्रामीणों ने निभाई सदियों पुरानी परंपरा





# सदन में उठे सवाल का असर, सटेली में अवैध खदान पर खड़ी चेन माउंटेन सील

## विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने विस मामला उठाया और कार्रवाई हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर विधानसभा में अवैध रेत खनन का मुद्दा जोरदार तरीके से उठने के बाद विभाग का अमला हरकत में आ गया है। विधायक सावित्री मनोज मंडावी द्वारा सदन में उठाए गए सवाल के तुरंत बाद दुर्गूकोंदल क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई, जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में अवैध रेत खनन का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। क्षेत्र की सक्रिय विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने विधानसभा में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए दुर्गूकोंदल क्षेत्र में अवैध खदानों के संचालन पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में लंबे समय से नियमों को दरकिनार कर खनन किया जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

विधायक द्वारा सदन में मामला उठाए जाने के बाद स्थानीय प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। दुर्गूकोंदल क्षेत्र में तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक अवैध रूप से संचालित खदान पर दबिश दी गई, जहां से एक चैन माउंटेन (खनन मशीन) को जब्त किया गया। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संकेत गया है कि अब अवैध खनन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।





### कार्रवाई के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा

क्षेत्र में अवैध खनन लंबे समय से एक गंभीर समस्या बनी हुई है, जिस पर समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार मामला विधानसभा तक पहुंचने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ऐसी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशस्विनीम।

**ऑपरेशन :** 18 नक्सलियों के समर्पण के लिए अलग-अलग इलाके में लोग सक्रिय

# जिले में है 18 नक्सलियों की तलाश, दो ने इलाका छोड़ा, डेडलाइन के 13 दिन शेष

## परतापुर एरिया कमेटी के 2 नक्सलियों ने आरकेबी इलाके का किया रूख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




कांकेर जिले के घने जंगलों में इन दिनों सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच एक अलग ही रणनीतिक उटापटक चल रही है। यह लड़ाई गोलीबारी की नहीं, बल्कि समर्पण की है। कांकेर जिला में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी एवं कंपनी नंबर 05 के 18 सक्रिय नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार करने में जुटा है, लेकिन लगातार प्रयासों के बावजूद अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है। समय तेजी से बीत रहा है और डेडलाइन के लिए अब महज 13 दिन ही शेष रह गए हैं, जिससे संबंधितों की चिंता भी बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिले में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 में 20 नक्सली है, इनमें से दो नक्सली मंगेश परचापी और उसकी पत्नी मनीषा हाल ही में आरकेबी डिवीजन की ओर निकल गए थे। दोनों नक्सली आरकेबी डिवीजन की नक्सली सदस्य हिड़मे के साथ कोहकाटोला क्षेत्र में एक लाड़ी में रुके हुए थे। इसकी जानकारी जिला मानपुर पुलिस को मिली। मानपुर के पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने एक टीम रवाना किया, वहीं कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेखा ने भी एक टीम रवाना किया था। तीनों नक्सलियों का फोर्स के आने की आहट मिलते ही नक्सली हड़ड़ाते हुए अपने हथियार और सामान छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। दोनो जिलों की पुलिस इन तीनों नक्सलियों का मूवमेंट अब किधर है, उसकी तलाश करने में लगी हुई है। मंगेश और मनीषा के इस तरह भाग निकलने के बाद कांकेर जिला में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 के शेष 18 नक्सलियों के कांकेर और अबूझमाड़ के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में छिपे होने की चर्चाएं चल रही है।

### समर्पण के लिए पुलिस की 18 पर नजर

कांकेर जिले में सक्रिय 18 नक्सलियों परतापुर एरिया कमेटी से चंदर, रूपी, कुमारी माली, मंगलू पद्दा, राधिका, जिला मरकाम, को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने के उद्धेश्य से तीन अलग-अलग टीमें सक्रिय है। इनमें एक टीम जगदलपुर से, दूसरी नारायणपुर से और तीसरी स्थानीय स्तर के लोग शामिल है। यह सभी टीमें लगातार अंदरूनी जंगलों में सक्रिय हैं और संपर्क स्थापित करने की कोशिश कर रही हैं। यह कयास लगाए जा रहे है कि यदि एक-दो दिन में कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिलता है, तो सुरक्षा बल फिर से सर्च ऑपरेशन तेज कर सकते हैं।

### सर्च आपरेशन की सुनाई देगी गूंज

दुर्गम इलाकों में सक्रिय नक्सलियों तक पहुंच बनाना और उन्हें मनाना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। फिलहाल कांकेर और अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षा बलों की नजरें टिकी हुई हैं। आने वाले कुछ दिन यह तय करेंगे कि यह अभियान समर्पण में बदलता है या फिर एक बार फिर जंगलों में सर्च ऑपरेशन की गूंज सुनाई देगी। सूत्रों की मानें तो कांकेर पुलिस के सर्च ऑपरेशन की गूंज 20 के बाद सुनाई दे सकती है।

## साइड मांगने पर विवाद, युवक की पिटाई, 4 पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पखांजूर थाना क्षेत्र में सड़क पर साइड मांगने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि चार युवकों ने मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पीव्ही 28 चांदीपुर निवासी 22 वर्षीय कैलाश मंडल 17 मार्च की रात करीब साढ़े 9 बजे गांव में भजन-कीर्तन सुनकर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में धान फाड़ी के पास दो मोटरसाइकिलें सड़क के बीच खड़ी थीं, जिससे रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। वहां चार युवक खड़े होकर रास्ता रोके हुए थे। शिकायतकर्ता ने विनम्रता से साइड देने को कहा, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि जय बड़ाई उर्फ बिनु निवासी पखांजूर और उसके तीन साथियों ने शिकायतकर्ता पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे हाथ-मुक्कों और लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। इतना ही नहीं, बिनु ने पास में पड़े बांस के डंडे से भी वार किया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के दौरान आसपास मौजूद ग्रामीणों मुकेश राय, अभिषेक राय और श्रीवास समेत अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह विवाद को शांत कराया। इस हमले में शिकायतकर्ता को सिर, बाएं हाथ, उंगलियों और होंठ में गंभीर चोटें आई हैं।



शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी जय बड़ाई उर्फ बिनु और उसके तीन साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115 (2), 351 (2) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### आधुनिक खेती-बारी की किसानों को प्रशिक्षण



**कांकेर।** अखिल भारतीय समन्वित अलसी अनुसंधान परियोजना इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर में 18 मार्च को अलसी के विपुल उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन तकनीक विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. संजय द्विवेदी ने किसानों को तिलहनी फसलों के महत्व, अलसी उत्पादन तकनीक, अलसी में पाए जाने वाले ओमेगा-3 के लाभ तथा अलसी के तनों से बनने वाले कपड़े के बारे में जानकारी दी।

### दो छात्रों का नवोदय विद्यायल में चयन



**चारामा।** हल्बा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के दो मेधावी विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 6 में चयनित हुए है। विद्यालय के छात्र आदित्य शोरी पिता योगेंद्र सिंह शोरी ने 15 वीं रैंक प्राप्त की है साथ ही आदित्य शोरी का चयन सैनिक स्कूल के लिए भी हो चुका है, वहीं छात्रा मोनिशा पिता जितेंद्र सिन्हा ने परीक्षा में 57 वीं रैंक अर्जित कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत कुम्हारपारा हल्बा निवासी 62 वर्षीय बिहारी राम पडोटी पिता स्व. प्रताप ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि 16 से 17 मार्च के बीच मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## खेत में विवाद, जेठ ने बहू को पीटा, फरार आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां खेत में मवेशी चराने को लेकर शुरू हुआ झगड़ा एक महिला के साथ मारपीट तक पहुंच गया। इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्र में आपसी रिश्तों और जमीन से जुड़े विवादों की गंभीरता को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम विनायकपुर कोलापारा में 17 मार्च को दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच पीड़िता अपने खेत में घुसे बैल को बाहर निकाल रही थी। इसी दौरान उसका जेठ धनऊराम कोला वहां पहुंचा और बिना किसी ठोस कारण के गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने आपा खोते हुए महिला को जान से मारने की धमकी दी और पास में रखे बांस के डंडे से उस पर हमला कर दिया। हमले में महिला के माथे और बाएं कनपटी में गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर मौके ⏭ शेष पेज 12 पर

## साक्षरता की नई सुबह के लिए महापरीक्षा अभियान 22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



जिले में साक्षरता की अलख जगाने और महिला-पुरुष के बीच शिक्षा के अंतर को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से 22 मार्च रविवार को प्रौढ़ शिक्षार्थियों के लिए महापरीक्षा अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के सभी 454 ग्राम पंचायतों औ प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक असाक्षर महिलाओं और पुरुषों को इस अभियान से जोड़ें। परिणाम सामने आए हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 17,255 असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में जिले के ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डों में उल्लास साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रौढ़ शिक्षार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। यह महापरीक्षा अभियान न केवल साक्षरता को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज में समानता और जागरूकता ⏭ शेष पेज 12 पर

## खुड़खुड़िया जुआ और सट्टे पर पुलिस का शिकंजा, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





जिले के दुर्गूकोंदल थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ और सट्टा कारोबार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से अवैध जुआ संचालकों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार पहली कार्रवाई ग्राम कोदापाखा स्थित मुर्गा बाजार में की गई। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ लोग खुड़खुड़िया नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही कई जुआरी मौके से फरार हो गए, लेकिन दो आरोपी पकड़ में आ गए। पकड़े गए आरोपियों में पखांजुर थाना क्षेत्र के बारदा निवासी 35 वर्षीय राजकुमार बघेल और कोड़ेकुर्से थाना क्षेत्र के ग्राम चाऊरगांव निवासी 38 वर्षीय नरेन्द्र कश्यप शामिल हैं। आरोपियों के पास ⏭ शेष पेज 12 पर

**विधायक विक्रम के नेतृत्व में सीएम हाउस पहुँचे अंदरूनी गांव के ग्रामीण**

# अंचल में भाजपा का बढ़ रहा जनसमर्थन मुख्यमंत्री ने 25 को भाजपा प्रवेश कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





जिले के सुदूर और संवेदनशील क्षेत्र से भाजपा के पक्ष में उभरता जनसमर्थन एक नई राजनीतिक दिशा का संकेत दे रहा है। आलपरस और गुंदूर जैसे दूरस्थ गांवों के 25 ग्रामीणों ने विकसित गांव और विकसित प्रदेश के संकल्प को मजबूती देते हुए रायपुर में सीएम हाउस में भाजपा का दामन थामा।

सीएम हाउस में मंगलवार की देर रात को लगभग साढ़े दस बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने प्रदेश के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और विधायक विक्रम उसेंडी के नेतृत्व में 25 ग्रामीणों ने भाजपा का दामन थामा। सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने सभी को भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा प्रवेश करने पर स्वागत किया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री साय से चर्चा के दौरान बताया कि नियद नेल्लानार योजना उनके जीवन में परिवर्तन लाने वाली पहल साबित हो रही है। इसी से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा प्रवेश ⏭ शेष पेज 12 पर

### मुख्यमंत्री साय ने सुनी समस्याएं

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सीमावर्ती अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित एजुकेशन सिटी से आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य मिलेगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भाजपा में शामिल होने वाले सदस्य

आलपरस के गायता रामलाल आंचला, आलपरस सरपंच रजनाथ पोटाई, आलपरस उपसरपंच सुनील आंचला, आलपरस से दयालू उसेंडी, रमेश, नवल कड़ियाम, रामलाल उइके, हीरालाल उइके, बृजलाल कोला, मेहतर किरको, जगदीश नेताम, जयलाल उसेंडी, गुंढुल के गायता मनूराम पोटाई, गुंढुल से बैसाखू पोटाई, मंगलूराम पोटाई, श्याम सिंह वड्डे, संजय नेताम, कंगलूराम कोमरा, सोनूराम कड़ियाम, दयसिंह पोटाई, परसूराम आंचला, रैनूराम पोटाई, रामप्रसाद वड्डे और पानीडोबीर से श्यामनाथ उसेंडी, रोहित नाग भाजपा में शामिल हुए।

## एनएसएस शिविर में छात्रों को दी गई कृषि तकनीक की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट द्वारा ग्राम व्यासकोंगेरा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजनांतर्गत विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पीके जोशी उपस्थित हुए।

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. पीके जोशी ने शिविर के स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि कृषि छात्रों के लिए ऐसे शिविर केवल सामाजिक सेवा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह एक अवसर है जहां वे प्रयोगशाला की उन्नत कृषि तकनीकों और नवाचारों को सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचा सकते हैं। ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर आत्मनिर्भर बनेंगे किसान

**कोण्डागांव।** जिले के सुदूर आदिवासी अंचल मर्दापाल गांव में दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग द्वारा आदिवासी उप योजना 2025–26 के अंतर्गत वैज्ञानिक सूकर पालन विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदाय की आजीविका को सुदृढ़ करना और उन्नत सूकर पालन के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि करना रहा। कोंडागांव जिले में परंपरागत रूप से किए जा रहे सूकर पालन को वैज्ञानिक तरीके से और अधिक लाभकारी बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में किसानों को वैज्ञानिक सूकर पालन, उन्नत नस्ल चयन, संतुलित आहार प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं विपणन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे वे अपने व्यवसाय को अधिक लाभकारी बना सकें। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के निदेशालय विस्तार शिक्षा द्वारा कुलपति डॉ. आर. आर. बी. सिंह के मार्गदर्शन एवं डॉ. एम. के. गेंडेले निदेशक विस्तार शिक्षा के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. एस. के. वर्मा, डॉ. के. आर. बघेल, डॉ. एन. कुम्भकार एवं डॉ. हितेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती जयंती कश्यप, पंच श्रीमती संगीता कोराम, उपसरपंच भेलकु राम बघेल, पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण बेलसरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता समाप्त करने की उठी मांग



कोण्डागांव। चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि नगरीय प्रशासन के नए नियमों के तहत नगरपालिका निगम, नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में ठेला, गुमटी, कच्चे दुकान, तिपहिया वाहन, ऑटो रिक्शा, मिनी ट्रक, पिकअप, जीप आदि के माध्यम से व्यापार करने वाले सभी लोगों को लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। साथ ही सड़क की चौड़ाई और व्यवसायिक स्थल के आधार पर प्रतिवर्ष शुल्क निर्धारित किया गया है। नियम के अनुसार यदि कोई व्यापारी लाइसेंस नहीं लेता है, तो उसे व्यापार करने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। इस प्रावधान को लेकर छोटे से बड़े सभी व्यापारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि व्यापारी पहले से ही जीएसटी सहित विभिन्न करों का भार झेल रहे हैं और आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता उनके लिए अतिरिक्त आर्थिक और मानसिक दबाव उत्पन्न कर रही है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि नगरीय निकाय पहले से ही संपत्ति कर एवं अन्य कर वसूल रहे हैं, ऐसे में ट्रेड लाइसेंस को अनिवार्य करना तर्कसंगत नहीं है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने राज्यपाल से मांग की है कि व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस नियम पर पुनर्विचार किया जाए।

# फ्लोरोसिस प्रभावित घोड़ागांव में हेल्थ कैंप एवं स्क्रीनिंग शिविर में ग्रामीणों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के फ्लोरोसिस प्रभावित ग्राम घोड़ागांव में एक दिवसीय हेल्थ चेकअप एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के निर्देशन तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ. आर. सोनल ध्रुव और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मितानिन कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जिला सलाहकार जोनाथन विनय द्वारा स्कूली बच्चों को फ्लोरोसिस के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान चिरायु दल द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। फ्लोरोसिस से प्रभावित बच्चों की स्क्रीनिंग के साथ अन्य बीमारियों से ग्रसित बच्चों को आवश्यक दवाइयां एवं नॉन–फ्लोराइड टूथपेस्ट वितरित किया गया। यह शिविर ग्रामीणों में फ्लोरोसिस के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

## ग्रामीणों को दी उपचार और बचाव की जानकारी



### मितानिनों ने की प्रभावितों की पहचान



मितानिन कार्यकर्ताओं द्वारा जमीनी स्तर पर फ्लोरोसिस से प्रभावित व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें उपचार हेतु अस्पताल तक लाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। शिक्षकों को बच्चों के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। वहीं पीएचई विभाग द्वारा प्रभावित जल स्रोतों के नमूने एकत्रित किए गए, ताकि समस्या के समाधान के लिए आगे आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रें में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को अपने मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, नियमित निरीक्षण, टीकाकरण सुनिश्चित करने, आभा आईडी निर्माण में तेजी लाने तथा एनआरसी एवं एसएनसीयू के बेहतर संचालन के निर्देश भी दिए। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए।



### प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं जल जीवन मिशन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित

## कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# जनदर्शन में मांगों व समस्याओं से संबंधित 40 आवेदन

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय–सीमा बैठक के बाद आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम बनियागांव के बुधराम नेताम सहित अन्य ग्रामीणों ने दल्ली राजहरा–रावघाट रेलवे लाइन से संबंधित जमीन मुआवजा की मांग रखी। वहीं ग्राम सलना निवासी आसुलाल यादव ने भारतमाला सड़क परियोजना के तहत अधिग्रहित जमीन के मुआवजे की मांग की, जिस पर संबंधित एसडीएम को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। कोण्डागांव के डोंगरीपारा क्षेत्र की महिलाओं ने पेयजल समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम आंवराभाटा के पुनीत राम नेताम ने पुराने आंगनबाड़ी भवन के स्थान पर नए भवन की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया, जिस पर जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सीसी रोड निर्माण, अतिक्रमण हटाने, राशन कार्ड सहित विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई एवं अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने कार्य करने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प



- ग्राम पंचायत हसलनार में जल अर्पण एवं उत्सव पखवाड़ा
- जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर ग्रामीणों में बढ़ाई गई जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव के ग्राम पंचायत हसलनार में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल अर्पण एवं जल उत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, स्व सहायता समूहों और ग्राम जल स्वच्छता समिति की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जल संरक्षण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, ताकि वे अपने परिवार और समाज में जागरूकता फैला सकें। इस अवसर पर ग्राम जल स्वच्छता समिति, स्व सहायता समूह तथा जल वाहिनी से जुड़ी महिलाओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की रही मौजूदगी

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा रामचंद्र कश्यप, जनपद सदस्य रामनाथ नाग, पवन कुमार कोर्राम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपअभियंता अजय कुमार टोप्पो, सरपंच श्रीमती सत्यवती कश्यप, उपसरपंच नीलचंद बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी–कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मांदरी नृत्य दल करेगा भारत ट्राइब फेस्ट-2026 में छग का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले का लिंगो घोटुल मांदरी नृत्य दल अब राष्ट्रीय मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करेगा। यह दल नई दिल्ली में आयोजित भारत ट्राइब फेस्ट–2026 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा।

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर अंबिकापुर में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव में इस दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि के लिए दल को देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों सम्मानित किया गया, जो जिले के लिए गर्व का विषय था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग रुपेन्द्र तिवारी के अनुसार, भारत ट्राइब फेस्ट का आयोजन 18 मार्च से 21 मार्च तक सुंदर नर्सरी, नई दिल्ली में किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित 7 राज्यों के कलाकार अपनी जनजातीय कला का प्रदर्शन करेंगे। इस राष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व जिले के ग्राम राहटीपारा बालेंगा के मांदरी नृत्य दल द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि कलाकार अपनी प्रस्तुति से बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति को देशभर में नई पहचान दिलाएंगे।



## कांगेरघाटी से छत्तीसगढ़ को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर मिलेगी एक नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के सौजन्य से देश के विभिन्न राज्यों से आए टूर आपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण और सफारी करवाया गया। उन्होंने कुटुमसर गुफा, तीरथगढ़, मांझीपाल और धुड़मारास जैसे पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। जिसमें उन्होंने कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में इको पर्यटन के मॉडल को समझा और इसकी सराहना की। पर्यटन के लिहाज से भी कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान बेहद महत्वपूर्ण है। यहां की कुटुम्बसर, कैलाश और डंडक गुफाएं भू-वैज्ञानिक संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध हैं, जबकि तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर धारा और भैंसा दरहा जैसे स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यह क्षेत्र न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है बल्कि संरक्षण और अनुसंधान के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सूची में अंतिम रूप से स्थान मिल जाता है, तो इससे क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और संरक्षण के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही यह छत्तीसगढ़ को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने देश के विभिन्न राज्यों से आए ट्रैवल एजेंट से चर्चा की और यहां के इको पर्यटन मॉडल को समझाया। साथ ही सतत विकास के साथ पर्यटन को कैसे इस क्षेत्र में बढ़ावा दिया जाए।



## ई-चालान जमा करने के लिए ओटीसी सुविधा 1 अप्रैल से होगी लागू

**कोण्डागांव।** जिला कोषालय अधिकारी ने जानकारी दी है कि भौतिक चालानों की व्यवस्था समाप्त कर अब ई–चालान को बढ़ावा देने के लिए ओटीसी सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत सभी चालान अब केवल ऑनलाइन माध्यम से जमा किए जाएंगे। इस संबंध में जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को चालान जमाकर्ताओं को ई–चालान प्रक्रिया से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। ओटीसी सुविधा के अंतर्गत ई–चालान पोर्टल पर चालान भरते समय उसका डेटा सीधे बैंक को ऑनलाइन ट्रांसफर हो जाएगा, जिससे बैंक स्तर पर दोबारा डेटा प्रविष्टि की आवश्यकता नहीं रहेगी। बैंक काउंटर पर केवल ऑनलाइन जनरेटेड चालान, जिसमें ट्रेजरी रेफरेंस नंबर दर्ज होगा, के माध्यम से राशि जमा की जाएगी। इसके बाद बैंक द्वारा यह जानकारी एमआईएस के माध्यम से कोषालय में ऑनलाइन प्रस्तुत की जाएगी। इस नई व्यवस्था से डेटा प्रविष्टि में होने वाली त्रुटियों में कमी आएगी और लेखांकन प्रक्रिया अधिक सटीक एवं पारदर्शी बनेगी। ई–चालान पोर्टल के "सर्च चालान" विकल्प के माध्यम से जमाकर्ता आसानी से चालान का प्रिंट निकाल सकेंगे। यह पहले भौतिक चालान में संभव नहीं था।

## कर्मचारी- अधिकारियों की लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**केशकाल।** कर्मचारी- अधिकारियों की 11 मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पर एसडीएम को आज ज्ञापन सौंपा गया है। संगठन ने कर्मचारियों अधिकारियों की लंबित मांगों जिसमें लंबित डीए की एरियर्स राशि समायोजित किया जाए, चार स्तरीय पद्दोन्नत समय मान अवकाश वेतनमान, अर्जित नगदीकरण 240 के स्थान पर 300 दिन किये जाने, सहायक शिक्षक लिपिक, स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्ग के वेतन विसंगति को दूर करने, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना कर लाभ प्रदान करना, सहायक शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय वेतन मान देना. निशर्त अनुकंपा नियुक्ति। पंचायत सचिवों के नियमितिकरण सहित ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर फिर से मुखर अपनी मांगे मनवाने अनुभाग मुख्यालय केशकाल में सह संयोजक लोकेश गायकवाड़ व विकास खंड संयोजक श्याम लाल कोर्राम के नेतृत्व में ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी आंकाच्छा नायक को सौंपा है। जिसे उन्होंने स्वीकार कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रेषित करने की बात कही। इस अवसर पर लोकेश गायकवाड़ ज़िला अध्यक्ष शिक्षक प्रदेश फ़ेडरेशन, ज़िला कोंडागांव, नीलम मेश्राम अध्यक्ष, सहायक शिक्षक फेडरेशन केशकाल, बलराम नाग बी आर. सी, प्रवक्ता-शोएब अली, सचिव अमित मंडावी, सुरेश मरकाम आदि उपस्थित रहे।

## आईएफसी क्लस्टर पर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# महिला किसानों की आय बढ़ाने व 'लखपति दीदी' बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत इंटिग्रेटेड फामिंग क्लस्टर आई.एफ.सी. से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार जिला मिशन प्रबंधक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

बैठक में जिले के चयनित आईएफसी क्लस्टर के कार्यों की समीक्षा करते हुए आय–व्यय का ब्यौरा लिया गया। साथ ही 61 चयनित गांवों में प्रत्येक गांव से 50 महिला किसानों को मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन और मक्का उत्पादन से जोड़कर उनकी आजीविका बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिले में उड़ान महिला कृषक उत्पादक कम्पनी चिखलपुटी के अंतर्गत कोंडागांव, फरसगांव और माकड़ी विकासखंड की महिला किसान कार्यरत हैं। वहीं मांझीनगढ़ महिला कृषक उत्पादक कम्पनी विश्रामपुरी के अंतर्गत बड़ेराजपुर और केशकाल के महिला किसान एवं समूह कार्य कर रहे हैं। बैठक में सभी आईएफसी एंकर को निर्देशित किया गया कि वे कंपनी के सीईओ के साथ मिलकर बीज, खाद, कृषि उपकरण तथा पशुपालन से संबंधित संसाधनों चूजे, गाय, बकरी, सूकर आदि के लिए मांग आधारित कार्ययोजना तैयार करें और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करें। चयनित महिला किसानों की आजीविका गतिविधियों को तेज करते हुए उनकी आय में वृद्धि कर उन्हें 'लखपति दीदी' बनाने के लक्ष्य पर विशेष जोर दिया गया। सभी महिला संकुल संगठनों के अध्यक्षों को कैडर के कार्योंं की नियमित समीक्षा करने और उन्हें समय पर मानदेय प्रदान करने के निर्देश दिए गए।



### अधिकारी एवं प्रतिनिधि रहे उपस्थित

बैठक में विकासखंड परियोजना प्रबंधक, नोडल क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी, आईएफसी क्लस्टर के अध्यक्ष, लेखापाल, एंकर, महिला —षक उत्पादक कंपनियों के सीईओ सहित मिशन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### खेत में विवाद, जेठ ने बहू को ...

पर पहुंचे महिला के पति धनाजी ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को शांत कराया, जिससे मामला और ज्यादा बिगड़ने से बच गया। घटना के बाद पीड़िता ने तुरंत भानुप्रतापपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी धनऊराम कोला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), 296 और 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

### साक्षरता की नई सुबह के लिए...

की नई नींव भी रखेगा। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और अपने आसपास के असाक्षर लोगों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, ताकि "पढ़ेगा कांकेर, बढ़ेगा कांकेर" का सपना साकार हो सके।

### खुड़खुड़िया जुआ और सट्टे पर ...

खुड़खुड़िया चार्ट, लकड़ी की गोटियां और प्लास्टिक डिब्बा जब्त किया गया। दोनों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 6 (क) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई रात के समय दुर्गूकोंदल बस स्टैंड स्थित एक पान ठेला में की गई। यहां सट्टा-पट्टी के जरिए अवैध जुआ संचालित होने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। मौके से बाजारपारा निवासी 37 वर्षीय प्रशांत साना को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, सट्टा-पट्टी, पेन और 2,300 रुपये नगद बरामद किए गए। जांच के दौरान मोबाइल फोन में व्हाट्सएप के माध्यम से सट्टा संचालन के प्रमाण भी मिले हैं, जिससे अवैध नेटवर्क के संकेत मिल रहे हैं। पुलिस ने सटोरिया के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### अंचल में भाजपा का बढ़ ...

का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, और यही कारण है कि जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने सभी नए सदस्यों का भाजपा परिवार में स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि पार्टी की मजबूत वैचारिक आधारशिला ही विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर के अंतिम छोर से जुड़े यह ग्रामीण अब भाजपा की अंत्योदय विचारधारा के सक्रिय कार्यकर्ता बन चुके हैं, जिससे संगठन और मजबूत होगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक विक्रम उसेंडी ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जुड़ाव भाजपा को और सशक्त बनाएगा। उन्होंने मिशन 2028 के लक्ष्य को लेकर अभी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, सुनील जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष कोयलीबेड़ा, लच्छू गावड़े मंडल अध्यक्ष गोयलीबेड़ा, जागेश्वर पुजारी सरपंच कोयलीबेड़ा उपस्थित रहे।

### एनएसएस शिविर में छात्रों को दी...

उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे ग्रामीणों के साथ कृषि के लाभ और आधुनिक पद्धतियों को अवश्य साझा करें। कृषि महाविद्यालयएवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट कांकेर के अधिष्ठाता डॉ. एनके रस्तोगी ने कहा कि स्वयं सेवकों को ग्रामीण परिवेश में परिस्थितियों को समझने एवं नवाचार करने के विकल्पों को सिखने का अवसर प्राप्त हुआ है और उसे बखूबी निभाने का प्रयास किए जाएंगे। डॉ. प्रमोद कुमार नेताम ने सात दिवसीय शिविर की उपलब्धियों से अवगत कराया। शिविर में अलग-अलग जिले के छात्र-छात्राओं को ग्रामीण परिवेश की बारीकियों को प्रायोगिक रूप से सिखने प्रेरित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य सामाजिक चेतना, नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता रैली और ग्रामीण समस्याओं के निराकरण हेतु घर-घर जाकर संवाद किया। पर्यावरण एवं जल संरक्षण बड़े स्तर पर पौध रोपण और जल संचयन के प्रति जागरूक होने की बात कही। कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच, अधिष्ठाता, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 1 अप्रैल से पूरी तरह डिजिटल होगी चालान प्रक्रिया

**बीजापुर।** जिले में अब राजस्व एवं अन्य शासकीय शुल्क जमा करने की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होने जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से सभी चालान केवल ई-कोष पोर्टल के ई-चालान मॉड्यूल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि ओटीसी (ओवर द काउंटर) चालान भी अब ऑनलाइन जनरेट किए गए ई-चालान के आधार पर ही जमा किए जाएं। इसके साथ ही मैन्युअल या भौतिक चालान की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी जाएगी।

### अवकाश में भी खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

**दंतेवाड़ा।** राज्य के आम नागरिकों को पंजीयन संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।



इस महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी निर्णय पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा की वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्यों के सुचारू एवं समयबद्ध निष्पादन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी पंजीयन स्टाम्प दस्तावेज कार्यालय चयनित अवकाश दिवसों में भी संचालित किए जाएंगे। जारी निर्देशों के अनुसार, प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय 22, 28 , 29 तथा 31 मार्च को भी सामान्य कार्यदिवसों की तरह खुले रहेंगे। इन तिथियों में दस्तावेजों के पंजीयन सहित अन्य सभी संबंधित सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोहंडीगुड़ा की नई कार्यकारिणी घोषित

**लोहंडीगुड़ा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोहंडीगुड़ा द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ एवं जिला कांग्रेस कमेटी बस्तर के मार्गदर्शन में अनुमोदित की गई है। नई कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष पद पर केदार सिंह टेक की नियुक्ति की गई है। वहीं उपाध्यक्ष, महामंत्री और सचिव पदों पर भी कई कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है, जो संगठन को मजबूती देने का कार्य करेंगे। महामंत्री पद पर सुरेश नायक, पदम मौर्य, रोहित जोशी सहित अन्य नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। सचिव पद पर गजेंद्र सिंह ठाकुर, बोमड़ा मंडावी, विद्याधर नाग सहित कई कार्यकर्ताओं को स्थान मिला है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भी कई वरिष्ठ एवं युवा महिलाओं को भी कार्यकारणी में जगह दिया गया है एवं कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है, जिससे संगठन में संतुलन और मजबूती बनी रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ललित पाण्डे ने बताया कि नई कार्यकारिणी का उद्देश नई टीम संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करेगी और आगामी चुनावों में अहम भूमिका निभाएगी।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में नन्हे परिंदे के 42 विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

## जिले के लिए एक बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित जवाहर नवोदय चयन पूर्व प्रशिक्षण केंद्र नन्हे परिंदे पातररास, दंतेवाड़ा के 42 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। इसके अलावा करीब 20 विद्यार्थी प्रतीक्षा सूची में भी शामिल हैं, जिनके चयनित होने की प्रबल संभावना है। यह उपलब्धि जिले के लिए एक बड़ी शैक्षणिक सफलता के रूप में सामने आई है। उल्लेखनीय है कि नन्हे परिंदे प्रशिक्षण केंद्र दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने की अभिनव पहल है। यहां विद्यार्थियों को विषयगत अध्ययन, मॉडल टेस्ट, नियमित अभ्यास और व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जाता है, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। इस सफलता के लिए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा के मार्गदर्शन और प्राथमिकता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा द्वारा लगातार मॉनिटरिंग, अकादमिक समीक्षा और फीडबैक के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता को मजबूत किया गया।

उल्लेखनीय है कि नन्हे परिंदे केंद्र ने पिछले वर्षों में भी लगातार बेहतर परिणाम दिए हैं और यह पहल जिले में एक सफल शैक्षणिक मॉडल के रूप में स्थापित हो चुकी है। चयनित विद्यार्थियों की संख्या में हर वर्ष हो रही वृद्धि शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे योजनाबद्ध प्रयासों को दर्शाती है। इस उपलब्धि में प्रशिक्षण केंद्र के समर्पित शिक्षकों, सहयोगी स्टाफ, अभिभावकों और विद्यार्थियों की मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिला प्रशासन और समग्र शिक्षा विभाग ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों के भी शीघ्र चयन की उम्मीद जताई गई है। यह सफलता दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलाव, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण प्रयासों का सशक्त उदाहरण है, जो आने वाले समय में और अधिक बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा।

### संयुक्त टीम की घेराबंदी में 6 से अधिक आरोपी गिरफ्तार

# बाघ-तेंदुए की खाल के साथ बड़े शिकार गिरोह का भंडाफोड़

## वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई, जेल भेजे गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी रंगनाधा रामाकृष्णा वाय के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा जिले में वन्यजीव अपराध के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए बाघ एवं तेंदुए की खाल के साथ सक्रिय एक संगठित शिकार गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। 17 मार्च को दंतेवाड़ा से बालूद मार्ग पर दो आरोपियों को बाघ की खाल के साथ पकड़ा गया। सघन पूछताछ के दौरान गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी मिली, जिसके आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया तथा बाघ एवं तेंदुए की खाल बरामद की गई।

- दंतेवाड़ा में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई केशापुर सहित कई स्थानों पर छापेमारी



16 मार्च की मध्य रात्रि में मुखबिर की सूचना पर वनमंडल दंतेवाड़ा, वनमंडल बीजापुर, इंद्रावती टाइगर रिजर्व, राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल एवं वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में मुख्य आरोपी लक्ष्मण तेलाम (51 ) सहित देवीराम ओयाम (58), रमेश कुड़ियाम (24), फरसोन पोयामी (27), सेमला रमेश (24), सुखराम पोडियाम (21) एवं अन्य आरोपियों के नाम सामने आए, जिन्हें गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों की निशानदेही पर वन विभाग की विशेष टीम द्वारा ग्राम केशापुर में छापेमारी कर एक और तेंदुए की खाल बरामद की गई। इस कार्रवाई में शामिल अन्य आरोपी मासो ओयाम (50) एवं अर्जुन भोगामी (42) को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। वनमंडलाधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए बाघ एवं तेंदुआ अनुसूची-1 के अंतर्गत संरक्षित वन्यजीव हैं।

सभी आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39(1)(घ), 3(क)(ख)(ग), 48 एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत प्रकरण क्रमांक 15452/25 दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई है।

### अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा : डीएफओ

वनमण्डलाधिकारी रंगनाधा रामाकृष्णा वाय ने स्पष्ट कहा कि वन्यजीवों के अवैध शिकार एवं तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि वन एवं पर्यावरण से जुड़े किसी भी प्रकार के अपराधों के विरुद्ध वन विभाग पूरी सख्ती और तत्परता के साथ कार्रवाई कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। ऐसे मामलों में दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि वन्यजीव संरक्षण को और अधिक मजबूत किया जा सके तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

### बस्तर में गुड़ी पड़वा पर माटी देव पर्व की धूम

# ग्रामीणों ने निभाई सदियों पुरानी परंपरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आज गुड़ी पड़वा के अवसर पर पारंपरिक माटी देव माटी देवता पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। ग्राम गुचागुड़ा सहित आसपास के गांवों में युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर इस परंपरा को जीवंत रखा।

- राहगीरों को रोका गया और उनसे माटी मान लिया गया

इस दौरान गांव के मुख्य मार्गों एवं नेशनल हाईवे पर ग्रामीणों द्वारा रस्सी, पेड़ के डंगाल लगाकर राहगीरों को रोका गया और उनसे माटी मान लिया गया। राहगीरों ने भी खुशी-खुशी अपनी स्वेच्छा से 5, 10 सहित अन्य सामग्री देकर इस परंपरा में भागीदारी निभाई। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसमें माटी देव की पूजा कर ग्राम की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है। इस अवसर पर पूरे गांव के लोग एक स्थान पर एकत्रित होकर पूजा-अर्चना करते हैं और प्रसाद के रूप में सामूहिक भोजन तैयार कर ग्रहण करते हैं।

ग्राम गुचागुड़ा में भी आज इसी परंपरा के तहत युवाओं ने उत्साहपूर्वक आयोजन किया। नेशनल हाईवे पर वाहन चालकों को रोककर माटी मान लेने के दौरान कहीं भी विवाद की स्थिति नहीं बनी, बल्कि आपसी सहयोग और खुशी का माहौल देखने को मिला। इस आयोजन ने बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं को एक बार फिर जीवंत कर दिया, जिसमें नई पीढ़ी भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही है।

# कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा व उद्देश्य से प्रेरित करते सक्रिय भूमिका निभाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारतीय जनता पार्टी द्वारा गीदम मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात वंदे मातरम गीत के साथ प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा एवं उद्देश्य से प्रेरित करते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न विषयों पर अनुभवी वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रथम सत्र वैचारिक अधिष्ठान वक्ता राजमन बघेल ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद तथा संगठन की मूल अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

द्वितीय सत्र में वक्ता कमला नाग ने पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की संगठनात्मक यात्रा एवं विकास पर विस्तृत जानकारी दी। तृतीय सत्र में वक्ता अभिमन्यु सोनी ने संगठन विस्तार, समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। चतुर्थ सत्र में वक्ता रामू नेताम ने संगठन की कार्यशैली, अनुशासन, टीमवर्क एवं संगठनात्मक ढांचे के अनुरूप कार्य करने के महत्व को बताया। पंचम सत्र में वक्ता नंदलाल मुड़ामी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी साझा की।

षष्ठम सत्र में वक्ता राजेंद्र सिंह ठाकुर ने डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग, सोशल मीडिया की भूमिका तथा संगठनात्मक कार्यों में तकनीक के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। सप्तम एवं अंतिम सत्र में वक्ता राजेश कश्यप ने चुनावी दृष्टि से बूथ स्तर को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा बूथ संगठन की रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री सत्यजीत सिंह चौहान, जिला महामंत्री मुन्ना लाल मरकाम सहित जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग का समापन राष्ट्रगान के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने लंबित मांगों पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर विकासखंड में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक शैलेंद्र तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार बस्तर जॉली जेम्स को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

- ब्लॉक संयोजक के नेतृत्व में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन में प्रदेश के शासकीय सेवकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इसमें देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं एरियर्स का भुगतान, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करना, वेतन विसंगतियों का निराकरण, अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का त्वरित निपटारा, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण तथा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इन मांगों को लेकर पूर्व में भी शासन-प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। ज्ञापन सौंपते समय प्रशासन से सकारात्मक पहल की अपेक्षा व्यक्त की गई, ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द समाधान हो सके।

इस अवसर पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के विकासखंड संयोजक शैलेंद्र तिवारी, सचिव योगेश हरदाहे, कैलाश जैन, टीपी जोशी दुर्गाशंकर तिवारी, विष्णु यादव, सुमित्रा ध्रुव, कृष्ण कुमार बघेल, हीरालाल यादव, सुनीता रामटेके, सावित्री बघेल, सौरभ कुजूर, अजय कुमार नाग, कृष्णा ठाकुर, श्रीराम बघेल, लक्ष्मीनाथ भारती, धनेश्वर ठाकुर, बैद्यनाथ कश्यप, रामेश्वरी साहू, बुधियारिन भारती, अनीता ध्रुव, अमित कुंडू, वंदना नाग, कल्पना चौधरी, रयमती नाग जगदीश देहारी, कुंती कुंजाम, पद्मा कश्यप, डीलेश बघेल, नरेश कश्यप, ज्योति साहू, चमरूराम बघेल, पीलूराम नाग, सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# गागरा राम बने अनुसूचित जनजाति के जिला उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, जहां अनुसूचित जनजाति जिला उपाध्यक्ष बनने पर नवनियुक्त गागरा राम नाग को स्थानीय निवासियों और समर्थकों द्वारा बधाई और शुभकामनायें दी जा रही हैं। इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्ति से स्थानीय आदिवासियों के विकास और उनके संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण की उम्मीदें बढ़ गई हैं, जो एक सामाजिक व विकासमूलक दृष्टिकोण को दर्शाता है। गागरा राम नाग वर्तमान में दरभा जनपद क्षेत्र क्रमांक 5 से जनपद सदस्य हैं, इसके साथ ही धुरवा समाज के संरक्षक भी हैं। स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मिलकर व मोबाईल के माध्यम से अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं। उम्मीदें और विश्वास जताया जा रहा है कि नया नेतृत्व जनजाति समुदायों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएगा और उनके उत्थान शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा के लिए काम करेगा। नवनियुक्त पदाधिकारी से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने की अपेक्षा की जा रही है। यह नियुक्ति क्षेत्र के लिए एक नई उम्मीद और जनजाति समुदाय के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# एसबीआई फाउंडेशन की अधिकारी का बीजापुर में जमीनी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

वार्षिक मूल्यांकन के तहत एसबीआई फाउंडेशन की सहायक प्रबंधक ईशा अग्रवाल ने एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट के बीजापुर क्लस्टर का महत्वपूर्ण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संतोषपुर एवं गोरना ग्रामों में फील्ड विजिट कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं गतिविधियों का गहन निरीक्षण किया। दौरे के दौरान सुश्री अग्रवाल ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन किया। केस स्टडी से जुड़े लाभार्थियों द्वारा दिए गए सकारात्मक फीडबैक ने इस पहल की उपयोगिता और प्रभावशीलता को स्पष्ट रूप से दर्शाया। ग्राम गोरना में शिखर युवा मंच के सहयोग से विशेष मलेरिया रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए सामुदायिक भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से मच्छरदानी के नियमित उपयोग, स्वच्छता बनाए रखने और बुखार को नजरअंदाज न करने की अपील की। सुश्री ईशा अग्रवाल ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि जागरूकता और रोकथाम पर भी समान रूप से केंद्रित है। उन्होंने समय पर जांच, पूर्ण दवा सेवन और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के महत्व पर विशेष जोर दिया। ग्राम सरपंच कमला कोरसा ने भी ग्रामीणों को मलेरिया के खिलाफ सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।



उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान देने तथा मच्छरदानी के नियमित उपयोग की आवश्यकता बताई।

### बस्तर सीएचसी में 20 को होगा दिव्यांगजन शिविर

**बस्तर।** जिला प्रशासन बस्तर द्वारा दिव्यांगजनों की सुविधा और उनके सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर आकाश छिकारा के कुशल मार्गदर्शन में 20 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी बस्तर में विकासखंड स्तरीय 'दिव्यांगजन शिविर' का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के आपसी समन्वय और सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों का परीक्षण, उपचार और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर आदेश में निहित प्रावधानों के अंतर्गत वाहन दुर्घटना में मृतिका साक्षी नक्का का मृत्यु होने के फलस्वरूप मृतक के पिता आवेदक जितेन्द्र नक्का को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 25 हजार रूपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### 10 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु के 2 प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को कुल 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटनों के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> सायटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में दो छात्रों ने बाजी मारी



**भानुप्रतापपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में क्षेत्र के दो मेधावी छात्रों ने शानदार सफलता हासिल कर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। निजी स्कूल भानुप्रतापपुर के छात्र प्रत्यूष दुग्गा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर 16 वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम मानी जा रही है। विद्यालय प्रबंधन रीतेश संचेती व समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ को भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई। संबलपुर निवासी निशांत ठाकुर की सुपुत्री स्वस्तिका ठाकुर का भी चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। स्वस्तिका ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह सफलता अर्जित कर परिवार सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। दोनों छात्रों की इस उपलब्धि पर परिजनों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नवोदय में तीन छात्रों का चयन



**कोरर।** मरकाटोला में अध्ययनरत तीन छात्रों छात्रा हिमाक्षी साहू ,खुशी सिन्हा व छात्र अंकित जैन का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। ग्रामीण इलाके के छात्रों का चयन होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला।

### मानसिक रोगी ने फांसी लगाई, मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कनकपुर निवासी हुदयराम नुरेटी ने फांसी लगा लिया, जिससे उसका मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नही था। अज्ञात कारणो के चलते 15 मार्च को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मरकाटोला में अंग्रेजी शराब जब्त, निगरानीशुदा बदमाश गिरफ्तार

**कांकेर।** अपराध नियंत्रण और उजियारा अभियान के तहत पुलिस प्रशासन अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी कड़ी कोरर पुलिस ने ग्राम मरकाटोला में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में एक पुराने अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो पूर्व में भी कई आबकारी मामलों में संलिप्त रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 16 मार्च को थाना कोरर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम मरकाटोला निवासी 40 वर्षीय सुग्रीव हिचामी अपने घर के आंगन में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बिक्री के उद्देश्य से छिपाकर रखा है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर घेराबंदी कर रेड मारी। तलाशी के दौरान आंगन में रखे प्लास्टिक थैले और बोरी से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस टीम ने मौके से 21 नग सिम्बा बीयर, 17 नग गोल्डन गोवा और 11 नग प्लेन शोले सहित कुल 49 नग अंग्रेजी शराब जब्त की है। बरामद शराब की कुल कीमत लगभग 7 हजार 120 रुपएं है। आरोपी को गिरफ्तार कर 17 मार्च को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। पकड़ा गया आरोपी सुग्रीव हिचामी थाना कोरर का निगरानीशुदा गुंडा-बदमाश है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2008 से अब तक आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कुल 14 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।

### स्टार्ट-अप एवं उद्यमिता पर आज जागरूकता कार्यक्रम

**कांकेर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्टार्ट-अप एवं उद्यमिता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार 19 मार्च को शासकीय पॉलिटेक्निक नाथियानवागांव में सुबह 11 बजे किया जाएगा। इसमें शामिल होने के इच्छुक उद्यमियों को निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होने कहा गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

# नशा व अराजकता पर जीरो टालरेंस का ऐलान, एसपी ने थाने का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

- दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें : एसपी राखेजा



जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निखिल राखेजा ने बुधवार को पखांजूर थाना का औचक निरीक्षण कर साफ संदेश दे दिया कि अब अपराध और अवैध गतिविधियों के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। निरीक्षण में एसपी का सख्त रुख देखने को मिला, जहां उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लेने के साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने साफ तौर पर कहा कि क्षेत्र में बढ़ रही अवैध गतिविधियां चिंता का विषय हैं और इन्हें जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस पूरी ताकत के साथ अभियान चलाएगी। खासतौर पर अवैध शराब की बिक्री पर लगाम कसने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोचियों और अवैध शराब कारोबारियों की अब खैर नहीं, ऐसे तत्वों पर लगातार नजर रखी जाएगी और कार्रवाई में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने को लेकर भी एसपी ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नशीली दवाएं और प्रतिबंधित कफ सिरप युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर ऐसे नेटवर्क को तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस मामले में सख्त निगरानी रखी जाए और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर होगी सख्त कार्रवाई

ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को लेकर भी एसपी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों और लापरवाही से ड्राइविंग करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर भी नियंत्रण पाया जा सके।

### विभाग सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

निरीक्षण के अंत में एसपी ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद के दौरान जो भी सुझाव मिले हैं, उन पर जल्द ही जमीन पर काम नजर आएगा। उनका स्पष्ट संदेश था कि एक सुरक्षित, शांत और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए पुलिस और जनता को मिलकर काम करना होगा।

### नागरिकों से की अपील

जनसंवाद के दौरान एसपी ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जनता का सहयोग बेहद जरूरी है। यदि कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए, तो तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर सूचना पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी।

# हरनगढ़ स्कूल का किचन गार्डन जैविक सब्जियों से है आबाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हरनगढ़ में शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। विद्यालय परिसर में शिक्षकों और कर्मचारियों की मेहनत से एक शानदार किचन गार्डन विकसित किया गया है, जहाँ पूरी तरह से जैविक खाद का उपयोग कर विभिन्न प्रकार की सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है।

गार्डन में दैनिक उपयोग की विभिन्न सब्जियां जैसे बैंगन, करेला, भिंडी, लौकी, टमाटर और कद्दू बहुतायत में उगाई जा रही हैं। खास बात यह है कि इन सब्जियों को उगाने में किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरक का प्रयोग नहीं किया गया है, जिससे ये पूरी तरह शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक हैं। इस किचन गार्डन को सफल बनाने में विद्यालय के स्टाफ का विशेष योगदान रहा है। प्राचार्य कविंद्र सेन के मार्गदर्शन में श्यामल देवनाथ, मयंक खापर्डे, मुकेश कोर्राम, तुलेश्वर रावटे, अजय उसेंडी, तनुज चन्द, पूजा देशमुख, निर्मल गाईन, मनोज मंडल और गीता देवांगन जैसे शिक्षकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यालय के बाबू बिप्लब डे ने इस परियोजना में मुख्य भूमिका निभाते हुए न केवल अपना श्रम दिया, बल्कि आर्थिक रूप से भी विशेष खर्च वहन कर इस बगिया को सजाने में बड़ा योगदान दिया है। स्कूल परिसर में जैविक खेती का यह प्रयोग विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है। इससे बच्चों को न केवल ताजी सब्जियों के महत्व का पता चल रहा है, बल्कि वे जैविक खेती और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति भी जागरूक हो रहे हैं।

# 49 छात्रों का नवोदय में चयन ऐतिहासिक उपलब्धि : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



कांकेर ने शिक्षा के क्षेत्र में इस वर्ष एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिले के कुल 80 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें से 49 विद्यार्थी शासकीय विद्यालयों से हैं। यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता और निरंतर सुधार के प्रयासों का भी प्रमाण है।

विकासखंडवार परिणामों पर नजर डालें तो दुर्गुकोंदल ब्लॉक ने 17 चयन के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा चारामा से 15, भानुप्रतापपुर एवं कांकेर से 14-14, नरहरपुर से 12, जबकि अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा से 4-4 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। लगातार दूसरे वर्ष दुर्गूकोंदल का शीर्ष स्थान हासिल करना इस क्षेत्र की शैक्षणिक प्रगति को दर्शाता है। पिछले वर्ष भी इस ब्लॉक से 22 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। यदि केवल शासकीय विद्यालयों की बात करें तो कुल 49 चयन में दुर्गूकोंदल से सर्वाधिक 16 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। वहीं चारामा से 12, भानुप्रतापपुर से 8, नरहरपुर से 7, अंतागढ़ से 3, कोयलीबेड़ा से 2 तथा कांकेर से 1 विद्यार्थी का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु किए गए सतत और योजनाबद्ध प्रयासों का परिणाम है। कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष रणनीति अपनाई गई। सभी विकासखंडों में नियमित कोचिंग कक्षाएं संचालित की गईं, जहां विद्यार्थियों को विषयवार गहन अध्ययन, मॉडल प्रश्नपत्रों का अभ्यास और समय प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही प्रारंभिक कक्षाओं से ही विद्यार्थियों को ओएमआर शीट का अभ्यास कराया गया, जिससे उनकी परीक्षा दक्षता और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद के नेतृत्व में शिक्षकों ने अतिरिक्त समय देकर विद्यार्थियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें मानसिक रूप से भी सशक्त बनाया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल ने सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके पालकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

# अंततः गर्भवती को नहीं मिली सुविधा तब मालवाहक से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर



प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर एक बार फिर उजागर हुआ है। पखांजूर क्षेत्र में 102 महतारी एक्सप्रेस एंबुलेंस की कथित लापरवाही के कारण एक गर्भवती महिला और उसके होने वाले बच्चे की जान पर बन आई। अंततः ग्रामीणों को मजबूर होकर महिला को मालवाहक वाहन में अस्पताल ले जाना पड़ा।

ग्राम छोटे कापसी निवासी गर्भवती को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों और स्थानीय मितानिन ने तत्काल102 महतारी एक्सप्रेस को फोन किया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने लगातार कई बार 102 महतारी एक्सप्रेस के नंबर पर कॉल किया, लेकिन एंबुलेंस की ओर से कोई सकारात्मक रिस्पांस नहीं मिला। जब महिला की स्थिति बिगड़ने लगी और सरकारी सहायता का कोई संकेत नहीं दिखा, तब ग्रामीणों और परिजनों का धैर्य जवाब दे गया। समय रहते अस्पताल न पहुँचने पर अनहोनी के डर से ग्रामीणों ने आनन-फानन में एक पिकअप वाहन का इंतजाम किया और महिला को पखांजूर सिविल अस्पताल पहुंचाया। राहत की बात यह है कि समय पर अस्पताल पहुँचने के कारण जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। स्थानीय ग्रामीण का कहना है कि अगर समय पर निजी वाहन का इंतजाम नहीं होता, तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

# सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के होली मिलन समारोह में छलका उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा सामुदायिक हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष ज्वाला जैन की अध्यक्षता में किया गया। आयोजित होली मिलन समारोह में उत्सव, उल्लास और सामाजिक सौहार्द का अनुपम वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह समाज में प्रेम, विश्वास, भाईचारे और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का पावन अवसर है। यह पर्व हमें आपसी भेदभाव भूलकर एकता, सकारात्मकता और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के प्रयास से ही प्रदेश में कई छात्रावास का निर्माण हुआ, जिसमें हमारे समाज के बच्चे वहां रहते हुए पढ़ाई कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने एकजुट होने का आव्हान किया। हमारे समाज को अभी पूर्ण आजादी नहीं मिली है यदि पूर्ण आजादी मिलती तो आज हमारे समाज की संख्या अनुसार आरक्षण में भागीदारी होती।

अरविंद जैन और हरेश चक्रधारी ने कहा सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग लगातार अपनी मांग आबादी के आधार पर छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर आंदोलनरत है। कार्यक्रम में मंच संचालन राजीव श्रीवास ने किया जबकि आभार व्यक्त अशोक यादव ने किया।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद ने अपने संगठन को मजबूत करने के लिए सचिव हरीश चंद निषाद को बनाया वहीं कोषाध्यक्ष गोपाल साहू, उपाध्यक्ष उत्तम सिन्हा, उपाध्यक्ष खेम लाल साहू, सलाहकर मंडल राकेश देवांगन, नरेंद्र सावले,विमल जायसवाल, तरुण पांडे, सुदामा पटेल वहीं रवि साहू युवा प्रकोष्ठ ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर हेम प्रकाश शिवहरे, जीतेन्द्र जायसवाल, वेद प्रकाश, राजकुमार साहू, अलीत सिन्हा, अजय साहू, गजानंद डडसेना, अकबर सिंह, हरेश यादव, गीते लाल पटेल, भवन लाल, सुरेश कुमार, विमल जायसवाल, तरुण पांडे, राकेश देवांगन, नरेंद्र सावले समाज के लोग मौजूद रहे।

# जूनियर रेडक्रॉस विद्यार्थियों ने पक्षियों के लिए किया दाना-पानी का इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ जहां इंसानों के लिए जीवन कठिन हो जाता है, वहीं बेजुबान पक्षियों के लिए यह समय और भी चुनौतीपूर्ण बन जाता है। ऐसे में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेड़ो की जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के विद्यार्थियों ने एक सराहनीय पहल करते हुए पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था कर मानवता और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया है।

विद्यालय के बच्चों ने अपने हाथों से सकोरे मिट्टी या अन्य बर्तनों से बने छोटे कटोरे तैयार किए। इन सकोरों को बच्चों ने अपने घरों के आंगनबाड़ी, स्कूल परिसर, खेतों और आसपास के पेड़ों की डालियों पर बांध दिया। इन कटोरियों में पानी और दाना भरकर पक्षियों के लिए सुरक्षित भोजन और पानी की व्यवस्था की गई है, जिससे वे इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सकें और भूख मिटा सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य केवल पक्षियों की मदद करना ही नहीं, बल्कि बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और जीवों के प्रति करुणा की भावना विकसित करना भी है। इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास बच्चों के भीतर सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के संस्कार पैदा करते हैं। कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने बड़े उत्साह और खुशी के साथ इस कार्य में भाग लिया। उन्होंने अपने हाथों से सकोरे बनाकर उनमें दाना-पानी भरा और उन्हें उचित स्थानों पर स्थापित किया। बच्चों का कहना है कि वे रोज इन सकोरों में पानी भरते रहेंगे ताकि पक्षियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। यह पहल समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश भी है कि यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास करे, तो हम बेजुबान जीवों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के इस कार्य ने यह साबित कर दिया है कि संवेदनशीलता और सेवा भावना उम्र की मोहताज नहीं होती। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के सभी विद्यार्थी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

### 3 माह के चावल का विभाग ने किया एकमुश्त वितरण

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले के राशन कार्डधारियों को माह अप्रैल से माह जून तक तीन माह का चावल पात्रतानुसार एकमुश्त वितरित जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले के बीपीएल राशन कार्डधारी अंत्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन एवं निराश्रित परिवारों को माह अप्रैल से जून 2026 तक चावल वितरण करने के लिए शासन से एकमुश्त आबंटन प्रदाय किया गया है। इस प्रकार सामान्य राशन कार्डधारियों एपीएल को चावल तथा अन्य राशन सामग्री जैसे शक्कर, चना गुड़ एवं नकक का वितरण प्रतिमाह पृथक-पृथक अप्रैल से जून के दौरान आबंटन अनुसार वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त भण्डारित खाद्यान्न की उचित मूल्य दुकान स्थल पर गठित निगरानी समिति से सहायक खाद्य अधिकारी/ खाद्य निरीक्षक द्वारा पुष्टि कराई जाएगी, ताकि भण्डारित खाद्यान्न में किसी प्रकार का व्यपवर्तन न हो। व्यपवर्तन होना पाए जाने पर छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### नवोदय विद्यालय में खोमेंद्र का चयन



**बासनवाही।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम छापरपारा निवासी छात्र खोमेंद्र साहू ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छापरपारा निवासी खोमेंद्र साहू पिता प्यारेलाल साहू एवं माता रजनी साहू के पुत्र हैं। उनके चयन की खबर मिलते ही विद्यालय परिवार और ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष का माहौल बन गया।

# जनहित में गोयल ग्रुप ने 3 पुलियों का किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



तहसील क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी में संचालित गोयल ग्रुप के खदान प्रबंधन द्वारा जनहित में साधुमिचगांव के आश्रित ग्राम भुसकी स्कूल पारा और ओड़ाहुर में तीन नग पुलिया निर्माण करवाया गया ताकि बारिश के समय में ग्रामीणों को आवागमन की समस्या का सामना न करना पड़े। गोयल ग्रुप द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण कर तीनों पुलियों की विधिविधान से पूजा कर ग्रामीणों को सौंपा गया।

सरपंच मुकेश गावड़े नें बताया कि काफी समय से ग्रामीण पुलिया निर्माण की मांग कर रहे थे और मैं जब सरपंच बना तो उसके बाद मैंने गोयल ग्रुप से विकास कार्यो की कुछ कुछ मांगे रखी थीं, जिसमें पुलिया निर्माण के कार्य भी शामिल थे। जिसपर गोयल ग्रुप द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए तीन पुलियों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है, जिससे हमारे स्कूल आने जाने वाले बच्चे तथा आस पास के ग्रामो के ग्रामवासियों के साथ साथ भुसकी स्कूलपारा के ग्रामवासी विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। इस कार्य के लिए मैं गोयल ग्रुप का आभार व्यक्त करता हूँ। गोयल ग्रुप के सीनियर मैनेजर रवि तिवारी ने बताया कि हमारा संस्थान जनहित के कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहता है और जनसरोकार से जुड़े कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाता है। इसी कड़ी में साधुमिचगाँव पंचायत में तीन पुलिया के निर्माण का कार्य किया गया है जिससे सैकड़ो ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। हमारा संस्थान आगे भी ऐसे जनोपकारी कार्य करता रहेगा। इस दौरान सरपंच मुकेश गावड़े, गोयल ग्रुप के कर्मचारी व ग्राम के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई, 25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411